C M Y K
Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 7:02 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 5:16 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 16 अंक 294 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 23 मई 2025

भूल चूक माफः ओटीटी पर रिलीज...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### आज भी बिगड़ा रहेगा मौसम, पर्वतीय जिलों में तेज बारिश की चेतावनी

**देहरादून।** केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार पर्वतीय जिलों में तेज दौर की बारिश के साथ तेज हवाएं चलने से तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। प्रदेश के पर्वतीय जिलों में आज (शुक्रवार) भी मौसम बदला रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से नैनीताल और पिथौरागढ़ जिले में भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। इसके अलावा पर्वतीय जिले उत्तरकाशी, चमोली, रुद्रप्रयाग और बागेश्वर के कुछ इलाकों में भी तेज दौर की बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार पर्वतीय जिलों में तेज दौर की बारिश के साथ तेज हवाएं चलने से तापमान में गिरावट दर्ज की जाएगी। मैदानी इलाकों में भी हल्की बारिश की संभावना है। आने वाले दिनों की बात करें तो 26 मई तक प्रदेशभर में मौसम का यही हाल रहेगा।

### गंगोत्री हाईवे पर मध्यप्रदेश के यात्रियों की बस पलटी



**उत्तरकाशी।** गंगोत्री हाईवे पर धरासू नालूपानी के पास शुक्रवार को मध्य प्रदेश के यात्रियों की बस सड़क पर पलट गई। हादसे में यात्रियों में अफरातफरी मच गई। उत्तरकाशी में शुक्रवार सुबह दर्दनाक हादसा हो गया। गंगोत्री हाईवे पर धरासू नालूपानी के बीच मध्य प्रदेश के यात्रियों की बस अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। गनीमत रही कि बस खाई में नहीं गिरी, नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। जानकारी के अनुसार, बस में 45 यात्री सवार थे। यात्री गंगोत्री धाम जा रहे थे। इसी दौरान बस अनियंत्रित होकर खाई में जा गिरी। इस दौरान आठ यात्री घायल हुए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को अस्पताल पहुंचाया।

# श्री खाटू श्याम मंदिर के स्थापना दिवस पर भंडारे का आयोजन

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता







श्री खाटू श्याम मंदिर तल्ली बमोरी मुखानी में स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया और भंडारे का भव्य आयोजन हुआ। प्रातः शिव मंदिर मुखानी से ध्वज निशान यात्रा निकाली गई जो खाटू श्याम मंदिर पहुंची, जहां भक्तों द्वारा प्रभु खाटू श्याम जी का श्रृंगार किया गया। गणेश पूजन व श्याम पूजन से कार्यक्रम शुरू हुआ। इस मौके पर भजन कीर्तन कर पूरा माहौल श्याममय कर दिया गया। पंडित पुष्कर दत्त शास्त्री के नेतृत्व में पंडित नितिन उपाध्याय, त्रिलोक भट्ट, पुरन चंद्र पाण्डेय द्वारा पूजा अर्चना सम्पन्न करायी गयी। हवन के पश्चात प्रभु खाटू श्याम जी की आरती के बाद भोग लगाया गया। भोग लगाने के बाद प्रसाद वितरण किया गया और हजारों भक्तों द्वारा भंडारे में प्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। मंदिर समिति के जयप्रकाश अग्रवाल, मदनमोहन अग्रवाल, साकेत अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, विपुल अग्रवाल, सिद्धांत अग्रवाल,विजय अग्रवाल, राकेश अग्रवाल,आदेश अग्रवाल, सौम्या अग्रवाल, पुनीत अग्रवाल, गौरांश पांडेय आदि ने पूजा अर्चना के बाद भंडारे की पूरी व्यवस्था संभाली। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित रहे।

ऑपरेशन सिंदूर को जमकर सराहा

# पाकिस्तान की गोली का जवाब सेना ने गोले से दिया : अमित शाह

नई दिल्ली
एजेंसी

अमित शाह ने कहा कि आज पाकिस्तान का पर्दाफाश हो गया है कि भारत में आतंकवाद पाकिस्तान प्रायोजित है। जब हमने पाकिस्तान में आतंकवादी ठिकानों पर हमला किया, तो पाकिस्तानी सेना ने जवाबी कार्रवाई की। पाकिस्तानी सेना के अधिकारी आतंकवादियों के अंतिम संस्कार में शामिल हुए।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को सीमा सुरक्षा बल अलंकरण समारोह को संबोधित किया। इस दौरान अमित शाह ने कहा कि जब यह निर्णय लिया गया कि एक सीमा पर एक बल सुरक्षा प्रदान करेगा, तो बीएसएफ को दो सबसे कठिन सीमाओं बांग्लादेश और पाकिस्तान बॉर्डर की रक्षा करने की जिम्मेदारी दी गई थी। आपकी क्षमताओं को देखते हुए आपने इसे बहुत अच्छी तरह से सुरक्षित किया है। उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान बीएसएफ के शौर्य को भी सलाम किया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की हर गोली का जवाब बीएसएफ ने गोले से दिया। अमित शाह ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर तब सफल हुआ, जब हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति, हमारी खुफिया एजेंसियों से सटीक जानकारी और सेना की मारक क्षमता का अद्भुत प्रदर्शन एक साथ आए। जब ये तीनों एक साथ आए तो ऑपरेशन सिंदूर बना। हमारा देश कई दशकों से पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद का सामना कर रहा है। पाकिस्तान ने कई बड़ी घटनाओं को वर्षों से अंजाम दिया, लेकिन उसे माकूल जवाब नहीं दिया गया।



**पाक ने साबित कर दिया कि वह आतंकवाद को प्रायोजित करता है**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, हमें लगता था कि हमने आतंकियों पर हमला किया है, लेकिन पाकिस्तान ने साबित कर दिया कि वह आतंकवाद को प्रायोजित करता है... पाकिस्तान, आतंकियों पर हमले को खुद पर हमला मानता है... जब पाकिस्तानी सेना ने हमारे नागरिक ठिकानों और हमारे सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला करने की कोशिश की, तो भारतीय सेना ने कड़ा जवाब दिया। उनके एयरबेस पर हमला करके अपनी मारक क्षमता का परिचय दिया।

# यूपी में आंधी-बारिश बनी आफत, 51 लोगों की मौत

लखनऊ
एजेंसी

**आफत**

- पेड़ उखड़े, खंभे गिरने से बिजली आपूर्ति प्रभावित

उत्तर प्रदेश में बुधवार की रात से बृहस्पतिवार सुबह तक के बीच लगभग पूरे प्रदेश में आंधी-बारिश ने तबाही मचाई। इस बीच पेड़ और दीवार गिरने से हुए हादसों में 51 लोगों की मौत हो गई। बिजली के पोल टूटने से आपूर्ति बाधित हुई। बुलंदशहर में 89 किमी प्रति घंटे तो मेरठ में 80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तूफानी हवाएं चलीं।

आगरा, अलीगढ़ क्षेत्र के साथ प्रदेश के अन्य पूर्वी इलाकों में भी 50 से 80 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से हवाएं चलीं। इससे कई इलाकों में टिन की छतें व छप्पर उड़ गए। राजधानी लखनऊ के साथ अवध के 12 जिलों में बुधवार देर रात आंधी के साथ तेज बारिश हुई। बिजली गिरने से अंबेडकरनगर के कुसुमखोर गांव के अजय सिंह उर्फ गुड्डू (48) की मौत हो गई। दीवार गिरने से अमेठी के मैंझार गांव में सीतापति (59) और अयोध्या में रुदौली निवासी सूर्यकला (55) ने दम तोड़ दिया। ब्रज में भी 17 लोगों की जान चली गई। इनमें आगरा में तीन, कासगंज में चार महिलाओं सहित 6 लोगों की जान चली गई।

एटा में पांच, फिरोजाबाद में दो महिलाओं, टूंडला में एक बच्चे की मौत हो गई। बंदायूं के बिल्सी में गिरी दीवार के मलबे में दबकर एक महिला की मौत हो गई। मुरादाबाद में आंधी के दौरान हवा के झोंके से छत से गिरी महिला की मौत हो गई। कानपुर व आसपास और बुंदेलखंड के जिलों में 22 लोगों की मौत हो गई। इनमें फतेहपुर में पांच, औरैया में चार, कानपुर और कन्नौज में तीन-तीन, इटावा और कानपुर देहात में दो-दो और बुंदेलखंड के झांसी में दो, चित्रकूट में एक व्यक्ति की मौत हो गई। आजमगढ़ के अतरौलिया बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई। हाथरस में एक युवक, अलीगढ़ में एक वृद्धा की मौत हो गई। इसके अलावा पश्चिम यूपी के मेरठ में एक, बागपत में दो लोगों की मौत हो गई।

**आज भी बारिश के आसार**

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार को 65 से ज्यादा जिलों में तेज रफ्तार हवाएं चलने और बारिश के आसार हैं। कहीं-कहीं बिजली भी गिर सकती है। अरब सागर में बने कम दबाव क्षेत्र के उत्तर की ओर बढ़ने से शनिवार से प्रदेश में बारिश की तीव्रता और क्षेत्रफल में और बढ़ोतरी आएगी। इससे बूंदाबांदी के साथ पारा गिरने से राहत मिलेगी।

# घटिया निर्माण पर महापौर एक्शन में ठेकेदार ब्लैक लिस्टेड, निर्माण रूकवाया

रुद्रपुर
हमारे संवाददाता

नाला निर्माण में घटिया सामग्री इस्तेमाल किये जाने की शिकायत पर महापौर विकास शर्मा ने तुरंत एक्शन लेते हुए मौके पर पहुंचकर काम रूकवा दिया और ठेकेदार का भुगतान रोकने के साथ ही उसे ब्लैकलिस्टेड कर दिया। महापौर ने कहा कि निर्माण कार्यों में अनियमितताएं बर्दाश्त नहीं की जायेगी। दशमेश नगर आवास विकास में नगर निगम की ओर से नाला निर्माण कराया जा रहा है। गुरूवार शाम नाला निर्माण में पुरानी और घटिया ईटों का इस्तेमाल होने की शिकायत पर महापौर विकास शर्मा मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। निर्माण में घटिया सामग्री इस्तेमाल होने पर मेयर का पारा चढ़ गया । उन्होंने तुरंत काम रोकने के निर्देश दिये। महापौर ने नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल सहित नगर निगम के निर्माण विभाग की टीम को भी तुरंत मौके पर बुलाया। जांच के दौरान पता चला कि ठेकेदार ने इससे पहले जो नाले का निर्माण किया है उसमें भी घटिया स्तर की ईंटे लगायी हैं। जिस पर महापौर ने ठेकेदार का पूरा भुगतान रोकने के निर्देश नगर निगम के अधिकारियों को दिये। भ्रष्टाचार के खिलाफ पूरे प्रदेश में सीएम धामी ने मुहिम चला रखी है कई भ्रष्टाचारियों को सलाखों के पीछे भेजा जा चुका है। महापौर ने कहा कि नगर निगम की ओर से जो भी निर्माण कार्य कराये जा रहे हैं, उनका समय समय पर वह खुद निरीक्षण करेंगे और नगर निगम की टीम भी स्वयं मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य का जायजा लेगी।

# रामनगर में वन गुर्जरों से 25 हेक्टेयर जमीन खाली कराई

रामनगर
हमारे संवाददाता



आमपोखरा रेंज के तुमड़िया खत्ता में वन गुर्जरों की ओर से कब्जाई गई भूमि को खाली कराया गया। भारी फोर्स की मौजूदगी में 25 हेक्टेयर वन भूमि पर विभाग ने कब्जा लिया।

तराई पश्चिमी वन प्रभाग रामनगर के आमपोखरा रेंज के तुमड़िया खत्ता में वन गुर्जरों की ओर से कब्जाई गई भूमि को खाली कराया गया। भारी फोर्स की मौजूदगी में 25 हेक्टेयर वन भूमि पर विभाग ने कब्जा लिया। मालधनचौड़ के तुमड़िया खत्ता में वन गुर्जरों के 18 परिवार रहते है। वन गुर्जरों ने आसपास की वन भूमि पर अतिक्रमण कर उसमें खेती करना शुरू कर दिया था। वन विभाग की ओर से वन गुर्जरों को वन भूमि खाली कराने के लिए कहा गया था लेकिन वे हटने को तैयार नहीं थे। बृहस्पतिवार सुबह एसडीओ जसपुर संदीप गिरी, एसडीओ रामनगर मनीष जोशी, एसडीओ एसओजी किरन शाह ग्वासीकोटी, रेंजर आमपोखरा पूरन सिंह खनायत वनकर्मियों की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। तहसीलदार मनीषा मारकाना, एसएसआई प्रथम मोहम्मद युनूस, मालधन चौकी प्रभारी धमेंद्र कुमार सहित पुलिस टीम भी पहुंची। भारी फोर्स को देखते हुए वन गुर्जरों की ओर से विरोध नहीं किया गया। रेंजर आमपोखरा पूरन सिंह ने बताया कि जेसीबी की मदद से खाई खोदी गई है। 25 हेक्टेयर वन भूमि को खाली करा लिया है। दोबारा अतिक्रमण नहीं करने की चेतावनी दी गई है।

वन विभाग के अधिकारियों का कहना है कि तराई पश्चिमी वन प्रभाग में अतिक्रमण चिन्हित कर उसे तोड़ा जा सकता है। वन भूमि पर अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी पर तिरंगा यात्रा निकाली

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिला मुख्यालय नैनीताल में वीरवार को भाजपाई के नेतृत्व में देश के वीर सैनिकों के शौर्य की बदौलत ऑपरेशन सिंदूर की कामयाबी को लेकर भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गयी।

इससे पूर्व यात्रा मुख्य संयोजक निखिल बिष्ट व सह संयोजक ज्योति ढौडियाल व मनोज कुमार के नेतृत्व में सुबह 11 बज से मल्लीताल स्थित पंत से शुरु होकर देशभक्ति के नारों और जोश के साथ तल्लीताल गांधी चौक तक पहुंची। इस दौरान अन्य लोगों के साथ ही नैनीताल के विभिन्न विद्यालयों के बच्चे हाथों में लहराते तिरंगे, होंठों पर देशभक्ति के गीत गाते और आंखों में गर्व की चमक के साथ चल रहे थे और जय भारत- जय वीर जवान के नारे लगा रहे थे। तिरंगा यात्रा का नेतृत्व नैनीताल विधान सभा की विधायक श्रीमती सरिता आर्या ने किया। इस ऐतिहासिक तिरंगा यात्रा को कामयाब बनाने में भारतीय जनता पार्टी नैनीताल मंडल के सभी कार्यकर्ताओं ने भी पूर्ण उत्साह और समर्पण के साथ भागीदारी निभाई। विशेष रूप से नितिन सिंह



कार्की,विक्रम सिंह राठौर, मोहित लाल साह, आशीष बजाज, हर्षित पंत,मनीष बवाड़ी,अंशु आर्या, आशा आर्या, वाजदा आर्या, मनोज पंत,भारत मेहरा, आयुष भण्डारी,कमल जोशी और प्रखर रावत ने आयोजन की हर व्यवस्था में सक्रिय योगदान दिया और तिरंगा यात्रा को ऐतिहासिक बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। कार्यक्रम में दर्जा राज्य मंत्री श्रीमती शांति मेहरा, वरिष्ठ भाजपा नेत्री बिमला अधिकारी, सलाहकार मंडी परिषद मनोज जोशी, भाजपा महिला मोर्चा की मंडल अध्यक्ष कविता गंगोला समेत रीना मेहरा, जीवंती भट्ट, विनीता पांडे, प्रेमा अधिकारी, दीपिका बिनवाल, डा.प्रगति जैन, सुमन माहोरी, आरती बिष्ट, सभासद ललिता दफ ोटी,काजल आर्या, भगवत सिंह रावत, मनोज साह जगाती समेत राधा खोलिया, आनंद सिंह बिष्ट, अरविंद सिंह पडियार, मोहित आर्या,भूपेंद्र सिंह बिष्ट, विकास जोशी, मनोज पवार, पंकज भट्ट, डा.भुवन आर्या, राहुल नेगी, विक्रम सिंह रावत, बच्ची आर्या, संतोष कुमार सहित नगर के कई गणमान्य व्यक्ति शामिल रहे।

## NEWS / फटाफट

### तेरहवीं ज्यूडिसियल क्रिकेट कप प्रतियोगिता का आयोजन

**नैनीताल** । हाईकोर्ट ऑफि सियल स्पोर्टस क्लब नैनीताल द्वारा तेरहवीं ज्यूडिसियल क्रिकेट कप प्रतियोगिता- 2025 का आयोजन शुक्रवार (आज) से नैनीताल के ऐतिहासिक डीएसए मैदान में किया जा रहा है। प्रतियोगिता की सभी तैयारियां पूरी हो गयी हैं। हाईकोर्ट ऑफि सियल स्पोर्टस क्लब के सचिव जे.के.लखेडा के मुताबिक प्रतियोगिता में स्थानीय कुल 12 टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। बताया कि शुक्रवार (आज) प्रतियोगिता का प्रथम मैच पीडब्लूडी बनाम एरीज नैनीताल जबकि द्वितीय मैच व्यापार मंडल नैनीताल बनाम एनयूजेआई (मीडिया) तथा अंतिम मैच शिक्षा विभाग बनाम नैनीताल मीडिया के मध्य खेला जायेगा। लखेड़ा द्वारा सभी टीमों के टीम मैनेजरों से विशेष गुजारिश की है कि वह तय समय से ग्राउंड में उपस्थित होवें ताकि तीनों मुकाबले समय पर संपन्न कराए जा सके।

### 321वें दिन भी जारी रहा पौधरोपण आंदोलन



**नैनीताल** । संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम के प्रांतीय आह्वान पर नियमितीकरण नियमावली कट ऑफ डेट 2024 को लेकर किया जा रहा राज्य में अनूठा पौधरोपण आंदोलन वीरवार को 321वें दिन भी जारी रहा। महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पर्यटकों को पौधारोपण कार्यक्रम से जोडने् के तहत स्लोगन देवभूमि में पर्यटक बनकर आईए- पौधारोपण कर पर्यावरण मित्र बनकर जाइए के तहत पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ में ठहरे जयपुर राजस्थान, लखनऊ व उड़ीसा के हेमंत सक्सेना, असीमा सक्सेना, प्रेमलता मिश्रा, आयुषी तथा अनुष्का अरनय ने पौधारोपण आंदोलन से जुड़ते हुए पर्यटक आवास गृह परिसर में पौधारोपण किया। पर्यटकों ने कहा कि उन्होंने उत्तराखंड में कई सरकारी आवास गृह में रात्रि विश्राम किया लेकिन ऐसा सरकारी आवास गृह जो हरियाली से भरपूर है कहीं नहीं देखा और ऐसा कार्यक्रम जिसमें पर्यटकों से पौधारोपण किया जाता है यह भी नहीं देखा हमें गर्व है कि वह उत्तराखंड में पौधारोपण कार्यक्रम से जुड़ रहे हैं यह राज्य से बाहर के आने वाले पर्यटकों के लिए अच्छा संदेश है।

### ठंडी सड़क क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया



**नैनीताल** । नगर पालिका परिषद ने शहरी विकास निर्देशालय देहरादून के निर्देशानुसार आगामी आचमन अभियान (25 मई से 27 मई) की तैयारियों के तहत वीरवार को नगर की ठंडी सडक़ क्षेत्र में विशेष सफाई अभियान चलाया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा के आदेश पर मुख्य सफाई निरीक्षक सुनीत, सफाई निरीक्षक कमल चौहान के नेतृत्व में पालिका के पर्यावरण मित्रों ने जल स्रोतों समेत नालों और नैनी झील के आसपास स्वच्छता अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान ठंडी रोड पर स्थित जल स्रोतों और नालों की गहन सफ ाई की गई ताकि पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के मानकों को बनाए रखा जा सके। इस दौरान अधिशासी अधिकारी रोहिताश शर्मा ने बताया कि आचमन अभियान के तहत आगामी दिनों में भी इसी तरह के प्रयास जारी रहेंगे।

### गाड़ी पड़ाव निवासी महिला ने विषाक्त पदार्थ गटका

**नैनीताल** । घरेलू कारणों के चलते वीरवार को मल्लीताल गाड़ी पड़ाव निवासी 25 वर्षीय महिला ने जहर खा लिया। जिसे परिजन आनन फ ानन में राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे जहाँ पर महिला का उपचार किया जा रहा है। जिला अस्पताल में इमरजैंसी में मौजूद डॉ. अभिषेक गुप्ता ने बताया 25 वर्षीय महिला जोकि गाड़ी पड़ाव की रहने वाली है ने घरेलू कारणों के चलते महिला ने चूहें मारने की दवा गटक ली थी जिसे परिजनों की ओर से अस्पताल में लाया गया। उपचार के बाद महिला की स्थिति समान्य है। घटना की सूचना मल्लीताल पुलिस को भी दे दी गई है।



# लकड़ी तस्कर लकड़ी से भरा वाहन छोड़ कर भागे, पुलिस ने वाहन को कब्जे में लिया

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

एसएसपी के निर्देश पर जंगलात में अवैध तरीके से प्रतिबंधित लकड़ी की तस्करी करने वालों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने चैकिंग के दौरान लकड़ी से भरा वाहन को कब्जे में लिया है। हालांकि लकड़ी तस्कर पुलिस के हत्थे नहीं चढ़ सके। थानाध्यक्ष गदरपुर के नेतृत्व में पुलिस टीम रात्रि को चैकिंग कर रहे। इसी बीच जंगल से प्रतिबंधित लकड़ी से भरा वाहन को आता देख पुलिस ने वाहन को रोकने के लिए चालक को इशारा किया। पुलिस को देख चालक मौके पर वाहन छोड़ कर भाग गया। वन क्षेत्राधिकारी रुप नारायण गौतम के फोन कर सूचना दी। इसके बाद उक्त प्रतिबन्धित लकड़ी को मय वाहन को वन विभाग की टीम की सुपुर्द कर दिया। पुलिस के मुताबिक वाहन में 44 प्रतिबंधित लकडी खैर के गिल्टे थे।

# पूर्व जिला पंचायत सदस्य उर्मिला रानी चुघ का निधन, क्षेत्र में शोक की लहर

**रुद्रपुर**

**हमारे संवाददाता**

वरिष्ठ भाजपा नेता, समाजसेवी भारत भूषण चुघ की माता व पूर्व जिला पंचायत सदस्य उर्मिला रानी चुघ निवासी भूरारानी का हृदयघात के कारण आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर सुनते ही क्षेत्र में शोक की लहर फैल गई । क्षेत्र के सैकड़ों लोगों एवं जनप्रतिनिधियों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की। चुघ के देहावसान के पश्चात उनके परिजनों व अन्य करीबी रिश्तेदारों ने नेत्रदान की सहमति प्रदान कर एक अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है।चुघ की मृत्यु के बाद भी अब उनकी आंखें दुनिया देखती रहेगीं। उनके नेत्रदान से दो नेत्रहीनों के नेत्र प्रकाशित होंगे और उनके प्रिय जन उनकी स्मृति को अमरत्व प्रदान करेंगे।



**परिजनों ने कराया नेत्रदान**

भारत विकास परिषद रुद्रपुर शाखा के दायित्वधारियों की देखरेख में मुरादाबाद नेत्र विभाग की टीम ने कागजी औपचारिकता पूरी कर ब्रह्मलीन उर्मिला रानी चुघ के शरीर से दान की गई आंखें (कॉर्निया) प्राप्त कीं। शाखा के नेत्रदान प्रकल्प सह संयोजक संजय ठुकराल ने बताया कि भारत विकास परिषद क्षेत्र के लोगों में नेत्रदान हेतु जागृति लाने के लिए प्रयासरत है। उन्होंने बताया कि बहुत से लोग मानते हैं कि नेत्रदान के दौरान उनकी पूरी आंख निकाल दी जाती है, जिससे आंख का सॉकेट खाली रहता है, जो सच नहीं है। आमतौर पर केवल कॉर्निया जो आंख की सबसे बाहरी परत होती है, बहुत धीरे से निकाली जाती है। पूर्व जिला पंचायत सदस्य उर्मिला चुघ के निधन पर तमाम राजनीतिक, सामाजिक व धार्मिक संगठनों से जुड़े लोगों ने गहरा शोक जताते हुए दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# स्मैक तस्करी की सूचना पर बाइक का पीछा करते पुलिस कर्मी दुघर्टना में गंभीर

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

स्मैक तस्करी की सूचना पर बाइक का पीछा कर रहा पुलिस कर्मी दुर्घटना के चलते घायल हो गया। हादसे में पुलिसकर्मी समेत राहगीर भी गंभीर रुप से चोटिल हो गया। बीडी पांडे अस्पताल में उपचार के बाद राहगीर को हायर सेंटर रेफ र करने के साथ ही पुलिसकर्मी को भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार वीरवार को बारापत्थर क्षेत्र में पुलिस कर्मी मनोज जोशी ड्यूटी पर तैनात थे। उन्हें मुखबिर से यूपी नंबर की एक बाइक से नैनीताल में स्मैक लाए जाने की सूचना मिली। वाहनों की चैकिंग करने के दौरान यूपी नंबर की एक बाइक चौकी के समीप पहुंची लेकिन रोकने के बाद भी वह नहीं रुकी। आनन-फ ानन में मनोज जोशी ने वहीं मौजूद एक युवक से लिफ्ट लेकर बाइक का पीछा शुरू किया। वह बारापत्थर से करीब 500



मीटर आगे धामपुर बैंड के समीप पहुंचे ही थे कि राहगीर उनकी बाइक के सामने आ गया। इससे उनका दोपहिंया वाहन अनियंत्रित होकर रपट गया। हादसे में पुलिसकर्मी व वाहन की चपेट में आकर मल्लीताल निवासी वफा चोटिल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस व लोगों ने तत्काल दोनों को बीडी पांडे अस्पताल पहुंचाया। कोतवाल हेम चंद्र पंत ने बताया कि पुलिसकर्मी को भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है जबकि राहगीर को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। स्मैक को लेकर जिस वाहन की सूचना मिली थी उसका पता लगाया जा रहा है।

# देवी भागवत का परायण किया गया

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल के शेर का डांडा स्थित रामलीला प्रांगण में नव साँस्कृतिक सत्संग समिति द्वारा आयोजित देवी भागवत का परायण किया गया।

व्यास के रूप में सतगुरु धर्म मार्तण्ड भागवत किंकर श्री नमन कृष्ण जी महाराज ने भागवत का शाब्दिक अर्थ समझाते हुए बताया कि भागवत चार अक्षरों से बना है। भक्ति ज्ञान वैराग्य एवं त्याग के समन्वय का नाम ही भागवत है। देवी भागवत मानव जाति में स्त्रैण गुणों के विकास की प्रेरणा प्रदान कर्ता है। स्त्रैण गुण अर्थात संसार में जितने श्रेष्ठ गुण हैं वो मातृ शक्ति के नेतृत्व में ही विकसित होते हैं। संसार में त्रिलोकी शक्तियों के सम्मिलित स्वरूप से ही देवी स्वरूप का प्रादुर्भाव हुआ।

भक्ति के स्वरूप को अपने दैनिक जीवन में उतारने, अपने भोजन से अपने इष्ट को भोग लगाते हुए अन्न को प्रसाद के रूप में ग्रहण करने से एवं



सात्विक जीवन जीने से हम अवांछित व्याधियों एवं रोगों से भी मुक्त रहते हुए शांति पूर्ण जीवन जी सकते हैं। आयोजन को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष खुशहाल सिंह रावत, उपाध्यक्ष संतोष पंत, सचिव पी सी पांडे, उपसचिव डॉ. हिमांशु पांडे, कोषाध्यक्ष विनोद सनवाल सहित इंद्र सिंह रावत, कैलाश जोशी, वीरेंद्र जोशी, कंचन चंदोला, ललित पांडे, दीपक जोशी, दीपक पांडे, कुँवर सिंह रावत, ललित गोस्वामी, गणेश लोहनी, कमल बिष्ट, विपिन पंत, प्रकाश चंदोला, नवीन चंदोला, पंकज वर्मा, चंद्र शेखर जोशी, दीपेन्द्र चौधरी, हिम्मत सिंह, दिनेश पांडे, बबलू रावत, गौरव जोशी, संस्कार पांडे, निश्चय पंत, रौनक बोरा तथा निखिल उपाध्यायए आदि द्वारा सक्रिय योगदान दिया गया।

# अभिमत



## सहमति से संबंध

***सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में उत्तराखंड हाईकोर्ट के फैसले को रद्द कर दिया, जबकि हाईकोर्ट ने आरोपी के खिलाफ दर्ज मुकदमा बरकरार रखा था और आरोपी की अर्जी खारिज कर संज्ञेय अपराध बताया था। सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि जब कोई जोड़ा लंबे समय से लिव-इन में रहता है, तो शारीरिक संबंध बनने पर उनके बीच वैध सहमति होने का अनुमान लगा सकते हैं। शादी का झूठा वादा कर दुष्कर्म का मामला नहीं बनता है। लिव-इन का आशय है कि वे शादी नहीं करना चाहते हैं।***

शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने की खबरें आजकल मीडिया में ज्यादातर सुर्खियों में प्रकाशित और प्रसारित हो रही हैं। युवती की शिकायत पर पुलिस मुकदमा दर्ज करने में देरी नहीं करती। अनेक मामलों में न्यायालय ने सजा भी सुनाई है। सुप्रीम कोर्ट ने एक मामले में उत्तराखंड हाईकोर्ट के फैसले को रद्द कर दिया, जबकि हाईकोर्ट ने आरोपी के खिलाफ दर्ज मुकदमा बरकरार रखा था और आरोपी की अर्जी खारिज कर संज्ञेय अपराध बताया था। सुप्रीम कोर्ट ने महत्वपूर्ण फैसले में कहा कि जब कोई जोड़ा लंबे समय से लिव-इन में रहता है, तो शारीरिक संबंध बनने पर उनके बीच वैध सहमति होने का अनुमान लगा सकते हैं। शादी का झूठा वादा कर दुष्कर्म का मामला नहीं बनता है। शीर्ष अदालत ने कहा कि जब दो वयस्क कई साल तक लिव-इन में रहते हैं, तो यह आरोप कि 'शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाए गए' को स्वीकार नहीं किया जा सकता। लिव-इन में रहने वालों के बारे में अनुमान लगाया जाता है कि वे शादी नहीं करना चाहते हैं। पाश्चात्य कुरीति का अंधानुकरण और आधुनिक होने का भ्रम युवा पीढ़ी को भटका रहा है। भारतीय संस्कृति में लिव-इन को अपराध माना जाता है। सरकार और न्यायालय भी लिव-इन को अवैध मानते थे, लेकिन कुछ साल पहले सरकार ने लिव-इन को मान्यता दे दी। लिव-इन में रहने वाले जोड़ों ने पंजीकरण कराना शुरू कर दिया है। पंजीकरण नहीं कराने वाले समाज में विकृति उत्पन्न कर रहे हैं। न्यायालय ने दुष्कर्म के कई मामलों में स्पष्ट कहा है कि बार-बार शारीरिक संबंध सहमति के बिना संभव नहीं है। लिव-इन को मान्यता मिलने के बाद पुलिस भी मजबूर हो गई है। लिव-इन को मान्यता मिलने से पहले रास्ते में अमर्यादित व्यवहार करते हुए चलने वाले युवक-युवती से पुलिस पूछताछ करती थी। मोहल्ले व कालोनी में किराये पर घर देने से पहले मकान मालिक युवक-युवती के बीच संबंध को पूछते थे। अब झूठ बोलकर किराये पर घर लेते हैं। लिव-इन संबंधों में दरार पड़ने पर झूठा आरोप लगाते हैं। युवतियां समुदाय विशेष के युवक के साथ संबंध बनाती हैं। इसके बाद आरोप लगाती हैं कि हाथ में कलावा बांध कर और नाम बदलकर युवक ने दोस्ती की थी। अपवाद के तौर गिने-चुने मामलों में युवक दोषी होता है, ज्यादातर मामलों में युवती के आरोप झूठे होते हैं। सामाजिक संगठनों को ऐसे मामलों पर स्वतः संज्ञान लेकर अपने क्षेत्र में विकृति दूर करने का प्रयास करना होगा।

# क्विज एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन

**नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

अन्तर्राष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर चन्द्रशेखर जोशी (निदेशक प्राणी उद्यान नैनीताल/प्रभागीय वनाधिकारी नैनीताल वन प्रभाग) के निर्देशन में नैनीताल प्राणी उद्यान के सभागार में वीरवार को क्विज एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। बता दें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टी0आर0 बीजूलाल (वन संरक्षक,दक्षिणी कुमाऊं वृत्त,नैनीताल) रहे।



कार्यक्रम के प्रथम सत्र में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्विज प्रतियोगिता दो चरणों में करायी गई, प्रथम चरण में प्रतिभागियों को वस्तुनिष्ठ प्रश्न पत्र दिया गया, जिसका कुल समय 10 मिनट दिया गया। क्विज के द्वितीय चरण में प्रथम चरण के सर्वश्रेष्ठ 06 विद्यालयों के विजयी प्रतिभागियों के बीच मौखिक क्विज प्रतियोगिता करायी गई। क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर लौंग व्यू पब्लिक स्कूल, नैनीताल, द्वितीय स्थान पर बिरला विद्या मन्दिर, नैनीताल, तृतीय स्थान पर मोहन लाल साह बाल विद्या मन्दिर, नैनीताल एवं चतुर्थ स्थान पर कुन्दन लाल साह कन्या इण्टर कॉलेज ऐशडल, सूखाताल, नैनीताल रहा। भाषण हेतु प्रत्येक विद्यार्थी को अधिकतम 05 मिनट का समय दिया गया तथा प्रतिभागी द्वारा भाषण हिन्दी अथवा अग्रेंजी भाषाओं में दिया जा सकता था। भाषण प्रतियोगिता के निर्णायक मण्डल प्रो. ललित तिवारी (विभागाध्यक्ष, वनस्पति विज्ञान, कुमाऊँ विश्वविद्यालय डीएसबी परिसर नैनीताल) एवं प्रो. आशीष तिवारी (वानिकी विज्ञान, कुमाऊँ विश्वविद्यालय डीएसबी परिसर नैनीताल) रहे। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर राफि या रफ त (मोहन लाल साह बाल विद्या मन्दिर) एवं आशीष सिंह रावत (लौंग व्यू पब्लिक स्कूल) जबकि द्वितीय स्थान पर काव्या (भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय) वहीं तृतीय स्थान पर आयुष्मान (लौंग व्यू पब्लिक स्कूल) जबकि चतुर्थ स्थान पर सुनैना (भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय), दीक्षा (भारतीय शहीद सैनिक विद्यालय) एवं निषित जैसवाल (बिरला विद्या मन्दिर) रहे। इससे पूर्व मुख्य अतिथि टी0आर0 बीजूलाल (वन संरक्षक, दक्षिणी कुमाऊँ वृत्त)द्वारा विद्यार्थियों को बताया कि जैव विविधता पृथ्वी की जीवन रेखा है। इसके अतिरिक्त 05 जून 2025 (विश्व पर्यावरण दिवस) के अवसर पर आयोजित होने वाली प्रतियोगिता के आयोजन के सम्बन्ध में सभी शिक्षक/शिक्षिकाओं एवं छात्र/छात्राओं को अवगत कराया गया। इस मौके पर प्रो. ललित तिवारी (विभागाध्यक्ष, वनस्पति विज्ञान विभाग, कुमाऊँ विश्वविद्यालय डीएसबी परिसर) द्वारा विद्यार्थियों को जैव विविधता एवं विभिन्न पौध प्रजातियों की विस्तार से जानकारी प्रदान की गई जबकि प्रो. आशीष तिवारी (वानिकी विज्ञान, कुमाऊं विश्वविद्यालय डीएसबी परिसर) द्वारा जलवायु परिवर्तन के कारण नैनीताल में हो रहे परिवर्तन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। संचालन शिक्षक नवीन पाण्डे एवं डॉ0 रजनी रावत (बोटनिस्ट, हिमालयन बोटैनिकल गार्डन) द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों, डीएसबी कैम्पस के कुल 150 छात्र/छात्राओं ने प्रतिभाग किया।

दूसरी ओर हिमालयन बोटैनिकल गार्डन नारायणनगर में अर्न्तराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस के अवसर पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया। जिसमें बोटैनिकल गार्डन के आस-पास के विद्यालयों के 14 विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस मौके पर आनन्द लाल (वन क्षेत्राधिकारी, नैनीताल प्राणी उद्यान), महेश सिंह बोरा व जगदीश सिंह कोरंगा (वन दरोगा), नितिन मुकेश (वन आरक्षी) आनन्द सिंह (सिस्टम एनालिस्ट),विक्रम सिंह मेहरा (फार्मासिस्ट), अनुज काण्डपाल (बायोलॉजिस्ट) समेत प्राणी उद्यान के समस्त कर्मचारी एवं भवाली वन क्षेत्र, नगरपालिका वन क्षेत्र के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वरिष्ठ अधिवक्ता डी के शर्मा को सम्मानित किया

**नैनीताल।** हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता डी के शर्मा को बार कौंसिल ऑफ इंडिया का सह अध्यक्ष बनाये जाने पर पर वीरवार को हाईकोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा उनका सम्मानित किया गया । बार सभागार में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दुर्गा सिंह मेहता की अध्यक्षता में हुये सम्मान समारोह में डी के शर्मा की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी गई। कार्यक्रम का संचालन वीरेन्द्र सिंह रावत महासचिव हाईकोर्ट बार एसोसिएशन द्वारा किया गया। इस अवसर पर डा0 एम0एस0पाल, अवतार सिंह रावत, आर0पी0 नौटियाल, टी0 ए0 खान, पुष्पा जोशी, एम0 सी0 काण्डपाल, राजेन्द्र डोभाल, एम0 एस0 त्यागी, के0 पी0 उपाध्याय, मेहरमान सिंह कोरंगा सचिव बार कौंसिल ऑफ उत्तराखण्ड, रजत मित्तल, मधु नेगी सामन्त, अनिल, एम0 सी0 पंत, सैय्यद नदीम खुर्शीद, जयवर्धन काण्डपाल, डी0 सी0 एस0रावत, भुवनेश जोशी, मोहित कुमार, भूपेन्द्र सिंह कोरंगा, राम सिंह सम्मल, सौरव अधिकारी, अक्षय लटवाल, दीप जोशी, सौरव पाण्डे, विश्व प्रकाश बहुगुणा, कमलेश कुमार तिवारी, विपुल शर्मा, रमन साह, खुशबु तिवारी शर्मा तथा सुखवानी सिंह आदि कई अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

## जवाहर नगर क्षेत्र में बड़े स्तर पर किरायेदारों का सत्यापन अभियान

**हल्द्वानी**
**हमारे संवाददाता**

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर शुक्रवार सुबह एक बड़े स्तर पर किरायेदारों का सत्यापन अभियान चलाया गया। यह अभियान एसपी सिटी प्रकाश चंद के नेतृत्व में रेलवे स्टेशन के सामने जवाहर नगर क्षेत्र में सर्जिकल स्ट्राइक की तर्ज पर शुरू किया गया। पुलिस टीम ने क्षेत्र के सभी किराएदारों को रेलवे स्टेशन परिसर में एकत्र कर उनका सत्यापन किया। जिन लोगों ने पहले से सत्यापन करा रखा था, उन्हें अलग किया गया जबकि जिनका अब तक सत्यापन नहीं हुआ था, उन्हें विशेष रूप से चिन्हित कर बायोमेट्रिक सत्यापन की प्रक्रिया पूरी की गई। एसपी सिटी प्रकाश चंद ने बताया कि एसएसपी प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देशानुसार यह अभियान भविष्य में भी जारी रहेगा और किसी भी संदिग्ध गतिविधि को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ज्ञापन के दौरान पुलिस में 88 लोगों के नगद के चालान किया तब की 10 लोगों के दस,दस हजार रुपए के कोर्ट के चालान किए। इस अभियान में एसपी सिटी के साथ सीओ नितिन लोहनी, सीओ रामनगर सुमित पांडे, कोतवाल राजेश यादव, थाना अध्यक्ष बनभूलपुरा नीरज भाकुनी, थाना अध्यक्ष मुखानी दिनेश जोशी, थाना अध्यक्ष काठगोदाम पंकज जोशी तथा एसएसबी की टीम शामिल रही।



## होमगार्ड जवान की ड्यूटी के दौरान तबियत बिगड़ी, मृत्यु

**रुद्रपुर ।** थाना पंतनगर में तैनात होमगार्ड जवान की गश्त के दौरान तबियत बिगड़ गई। उन्हें आनन-फानन में अस्पताल पहुंचाया गया। यहां से हायर सेंटर रेफर कर दिया। परिजन राममूर्ति ले गए। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस के मुताबिक 57 वर्षीय सुरजीत सिंह पुत्र जगतार सिंह निवासी भगवानपुर कोतवाली रुद्रपुर गुरुवार की रात कांस्टेबल केदारी प्रसाद के साथ गस्त ड्यूटी लगी थी। इसी बीच ड्यूटी के उनकी अचानक स्वास्थ्य खराब हो गया। सूचना पर रात्रि अधिकारी उप निरीक्षक गणेश दत्त भट्ट उपचार को सरकारी अस्पताल पंतनगर यूनिवर्सिटी लेकर गये। जहां पर सुरजीत सिंह की हालत और खराब होने के कारण चिकित्सकों ने उनको रेफर कर दिया। सूचना पर सुरजीत सिंह के परिजन पहुंच गए। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि बाद में होमगार्ड जवान को डॉक्टर कॉलोनी में एक अस्पताल लेकर पहुंचे।वहां से सुरजीत सिंह को एंबुलेंस से दूसरे हॉस्पिटल रूद्रपुर लेकर गए। वहां पर भी उनकी हालत नाजुक होने के कारण रेफर किया गया। जिस पर उसके बाद किच्छा रोड अस्पताल लेकर गए। वहां पर सुरजीत सिंह की पत्नी दीप कौर व पुत्र कुलविंदर सिंह मौजूद मिले। उन्होंने बताया कि सुरजीत सिंह की हालत गंभीर होने के कारण उपचार राममूर्ती अस्पताल बरेली रेफर किया गया। जहां होमगार्ड जवान की मृत्यु हो गई। उन्होंने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# फिल्मी दुनिया

## भूल चूक माफ: ओटीटी पर रिलीज हो जाती तो ही अच्छा होता



*काशी सत्य की नगरी है। महादेव अपने लोक से इसकी सतत निगरानी करते हैं। अभिवादन भी यहां महादेव है। प्रणाम भी महादेव है। जीवन भी महादेव और मृत्यु तो महादेव है ही। ऐसी काशी नगरी की गलियों के मुंबई के किसी स्टूडियो में बने सेट्स में रची गई है निर्देशक करण शर्मा की फिल्म 'भूल चूक माफ'। फिल्म के पूरे प्रचार में कहीं से ये पता नहीं चलता कि ये उत्तर प्रदेश के किन्हीं दो ऐसे ब्राह्मण परिवारों की कहानी है, जहां के एक पंडित जी इतवार के दिन छत पर बैठकर अपना अलग स्टोव लेकर 'खीर' पकाते हैं और उसमें लौंग का तड़का भी लगाते हैं। उनका बेटा गाय को रोटी नहीं 'पूरनपोली' (महाराष्ट्र का व्यंजन) खिलाने की बात करता है। बनारस में पला बढ़ा 40 साल की उम्र में 25-26 साल की दिखने की कोशिश कर रहा ये बेटा उत्तर प्रदेश में रिश्वत देकर सरकारी नौकरी पाने में कामयाब है। और, काशी में ही ये सारा रिश्वत खाकर सरकारी नौकरी देने का धंधा चल रहा है। समझ रहे हैं ना, निगाहें कहां हैं और निशाना कहां है.... ?*

### दो महीने में सरकारी नौकरी का फार्मूला

*खैर अपने को क्या, अपना काम है फिलिम देखना, और आप सबको ये बताना कि फैमिली आउटिंग के लिए जब आप वीकएंड पर निकलेंगे तो क्या गाढ़ी कमाई के ढाई तीन हजार रुपये इस फिल्म को देखने पर लुटाए जा सकते हैं? नेटफ्लिक्स पर एक फिल्म पड़ी हुई है 'नेकेड'। इसके अलावा एक और अंग्रेजी फिल्म 'ग्राउंडहॉग डे'। 'भूल चूक माफ' मिलाकर इन तीनों फिल्मों की कहानी का गुणसूत्र एक ही है। फिल्म के हीरो का एक टाइम लूप में फंस जाना। यहां राजकुमार राव को समझ आता है कि शिवजी से उन्होंने जो नेक काम करने की मन्नत मांगी थी, उसके चलते वह अपनी शादी से ठीक एक दिन पहले की तारीख में अटक गए हैं। फिल्म में ये प्रसंग भी इंटरवल से ठीक पहले आता है। उससे पहले की कहानी वही है जो आप फिल्म के ट्रेलर में देख चुके हैं।*

## बारिश में उफान में आये गधेरे में महिला की बहने से मौत

**धारी/नैनीताल**
**हमारे संवाददाता**

बुधवार को हुई तेज बारिश में उफान में आये गधेरे में रामगढ़ क्षेत्र के बसे गांव में एक महिला के बहने से मौत हो गयी।

जानकारी के मुताबिक बना गांव में पेयजल के प्लास्टिक पाईप को ठीक करने गई महिला पुष्पा देवी (45) पत्नी देवेन्द्र सिंह तेज बारिश के दौरान तेज उफ ान में आये गधेरा में बह गई। बुधवार को परिजनों द्वारा महिला की काफ ी खोज बीन लेकिन लापता महिला नहीं मिली । लापता महिला का दूसरे दिन यानी वीरवार को शव बरामद हुआ। थाना मुक्तेश्वर पुलिस द्वारा घटना स्थल से लगभग दो किलोमीटर नीचे एक महिला का शव मिला, जिसकी परिजनों द्वारा शिनाख्त की गई। मृतक पुष्पा देवी के 4 बच्चे हैं जिसमें तीन लड़किया व एक लडका है जबकि पति देवेन्द्र सिंह खेतीबाड़ी करते हैं। इधर घटना की सूचना पर गांव में शोक की लहर दौड़ गयी। मौके पर पहुंचे भीमताल विधायक राम सिंह कैड़ा ने बताया किसान महिला प्लास्टिक पाईप को ठीक करने गई थी, अचानक दोपहर में तेज बारिश में गधेरा का बहाव में पत्ते मिट्टी आदि ऊपर से आने से सम्भवतः महिला का संतुलन बिगड़ा होगा। लापता महिला काफी खोजबीन की परंतु सफ लता नही मिल पाई। विधायक कैड़ा ने बताया घटना स्थल पर पंचनामा कर शव का नैनीताल से पहुंची डाक्टर टीम व प्रशासन की मौजूदगी पोस्टमार्टम किया गया । विधायक के मुताबिक यह दैवीय आपदा है पीड़ित परिवार को हर सम्भव आर्थिक सहायता दी जायेगी।



मृतका की फाइल फोटो

News कॉर्नर

## युवती ने फिनाइल पीकर जान देने का प्रयास किया

**नैनीताल** । नगर के मल्लीताल स्थित पॉलिटेक्निक क्षेत्र में अज्ञात कारणों के चलते युवती ने फिनाइल पीकर जान देने का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे राजकीय बी.डी. पांडे जिला अस्पताल लाए, जहां उसे भर्ती कर उपचार दिया जा रहा है। जानकारी के मुताबिक पॉलिटेक्निक क्षेत्र निवासी 22 वर्षीय युवती बुधवार रात अपने कमरे में थी। अचानक उसकी हालत बिगड़ी और परिजनों के बातचीत करने से पूर्व व बेसुध हो गई। आनन फानन में परिजन उसे राजकीय बीडी पांडे जिला अस्पताल लाए। चिकित्सकों के त्वरित उपचार से उसकी हालत में सुधार है। मामले में कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हेम चंद्र पंत ने बताया कि युवती के ऐसा कदम उठाने के पीछे के कारणों का पता नहीं लग पाया है। उसकी हालत में सुधार आने के बाद पूछताछ कर कारण स्पष्ट किया जाएगा।

## नैनीताल में छाए बादल, बारिश की आशंका बनी

**नैनीताल**। नैनीताल में गुरुवार से घने बादल पूरे दिन आसमान में डेरा डाले रहे। जिस कारण बारिश की आशंका बनी पूरे दिन रही। विभिन्न नगरों से पहुंचे सैलानियों ने मौसम के साथ नगर की नैसर्गिक सुंदरता का लुत्फ उठाया। नगर में बादलों का साम्राज्य सुबह से छाया हुआ था, वर्षा के कयास लोगों द्वारा लगते रहे, लेकिन बारिश नहीं हुई। देर शाम तक मौसम का मिजाज ठंडक लिए रहा। इधर सैलानियों की आमद बढ़नी शुरू हो गई है। जिस कारण नगर के पर्यटन स्थलों में खासी रौनक रही। स्नो व्यू, हिमालय दर्शन, वॉटरफॉल, केव गार्डन व चिड़ियाघर समेत नगर के अन्य पर्यटन स्थलों में रौनक रही। शाम के मालरोड में भी खासी रौनक देखी गई। साथ ही पर्यटन से जुड़े कारोबारियों के चेहरे खिले नजर आए। सैलानियों ने मौसम का भरपूर लुत्फ उठाया। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 28 व न्यूनतम 20 डिग्री सेल्सियस रहा।

# किलकारी योजना पर जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

गर्भवती महिलाओं और नवजात बच्चों की सेहत को लेकर अब जागरूकता और परामर्श सीधे मोबाइल फोन के ज़रिए पहुंचेगा। इसके लिए भारत सरकार की किलकारी योजना पर बुधवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय, नैनीताल में जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में योजना से जुड़े तमाम अधिकारियों और कर्मचारियों को योजना की कार्यप्रणाली और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से बताया गया।

कार्यशाला में राज्य प्रतिनिधि डॉ. अखिलेश त्रिपाठी ने बताया कि किलकारी एक ऐसी मोबाइल सेवा है जिसमें गर्भवती और धात्री महिलाओं को 12 अंकों वाले नंबर



01244451660 से कॉल आती है। हर सप्ताह एक कॉल में गर्भावस्था, नवजात की देखभाल, खानपान और टीकाकरण जैसी अहम जानकारी दी जाती है। यह सेवा पूरी तरह मुफ्त है और महिलाएं 14423 नंबर डायल करके भी जरूरी संदेश दोबारा सुन सकती हैं। कार्यशाला में मोबाइल अकादमी के बारे में भी जानकारी दी गई। आशा कार्यकर्ताओं को इस सुविधा के ज़रिए मोबाइल फोन से ही प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की गई है, ताकि वे ज़्यादा बेहतर तरीके से अपने क्षेत्र की महिलाओं की मदद कर सकें। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. हरीश चंद्र पंत ने कहा कि इन योजनाओं की सफलता तभी मुमकिन है जब जमीनी स्तर पर काम करने वाले कार्यकर्ता इसे गंभीरता से लें। उन्होंने आशा और एएनएम कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि वे गांव-गांव जाकर लोगों को योजना के बारे में बताएं और ज़्यादा से ज़्यादा महिलाओं को इससे जोड़ें।

इस मौके पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के जिला कार्यक्रम प्रबंधक मदन मेहरा और अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. एन.सी. तिवारी ने बताया कि बीते वर्ष जिन ब्लॉकों ने योजना के क्रियान्वयन में अच्छा काम किया, उन्हें कार्यशाला के दौरान सम्मानित भी किया गया। कार्यशाला में जिला ड्डश्वष्ट प्रभारी दीवान बिष्ट, जिला समन्वयक सरयू जोशी, डाटा मैनेजर पंकज तिवारी, सभी ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक और डाटा एंट्री ऑपरेटर मौजूद रहे। आयोजन का उद्देश्य था कि हर गर्भवती महिला और नवजात की सेहत से जुड़ी अहम जानकारी समय रहते उन तक पहुंचे और मातृ-शिशु मृत्यु दर को कम किया जा सके।

# महिलाओं से चेन और मंगलसूत्र चोरी मामले में दो महिला समेत तीन दबोचे

**हल्द्वानी**

हमारे संवाददाता

पुलिस ने में आयोजित भागवत कथा के दौरान भक्ति में लीन महिलाओं से चेन और मंगलसूत्र चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने इस मामले में दो महिलाओं और एक पुरुष को गिरफ्तार किया है, जिनके कब्जे से एक सोने का मंगलसूत्र और दो सोने की चेन बरामद की गई हैं।

नैनीताल एसएसपी प्रह्लाद नारायण मीणा के अनुसार, मुखानी थाना क्षेत्र में आयोजित भागवत कथा के दौरान दिल्ली से आए एक गिरोह ने भक्ति में लीन महिलाओं के गहनों पर हाथ साफ कर दिया। यह घटना 18 मई को हुई, जब कुछ महिलाएं और एक पुरुष गिरोह के सदस्य कथावाचन कार्यक्रम में शामिल हुए और वहां तीन महिलाओं के गले से सोने के चेन और मंगलसूत्र चुरा लिए। एसएसपी मीणा ने बताया कि इस मामले में पीड़ित महिलाओं ने मामला दर्ज कराया, जिसके बाद पुलिस और एसओजी की टीम ने



गिरोह का पर्दाफाश करने के लिए जांच शुरू की। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने खुलासा किया कि वे कैंची धाम दर्शन के लिए हल्द्वानी आए थे। यहां उन्हें सोशल मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली कि बालकनाथ मंदिर में भागवत कथा हो रही है। इसके बाद वे वहां पहुंच गए और भीड़ का फायदा उठाकर महिलाओं के गहनों की चोरी कर ली। जब पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगाले, तो हैरान करने वाला तथ्य सामने आया। तीन महिलाएं घुंघट ओढ़कर कथावाचन में शामिल होती दिखीं, और उन्होंने महिलाओं के गले से चेन निकालने का काम किया। गिरोह के मुख्य सरगना, एक महिला और उसके पति, दिल्ली के निवासी हैं। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में एक अन्य महिला भी गिरफ्तार की गई है, जो दिल्ली से संबंधित है।

हालांकि, गिरोह की एक महिला सदस्य अभी भी फरार है और उसकी तलाश जारी है। पुलिस ने गिरोह के खिलाफ जांच की और घटना में उपयोग की गई कार को भी बरामद कर लिया है। जांच में यह भी सामने आया कि गिरोह के मुख्य सरगना और उनके पति इससे पहले भी इस तरह की घटनाओं में जेल की सजा काट चुके हैं।

# उत्तरंचल (पर्वतीय) कर्मचारी-शिक्षक संगठन उत्तराखंड का अधिवेशन आयोजित

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

उत्तरांचल पर्वतीय कर्मचारी शिक्षक संगठन उत्तराखंड ऊधम सिंह नगर का द्वि वार्षिक अधिवेशन एएन झा इंटर कालेज में आयोजित हुआ। अधिवेशन का उदघाटन मुख्य अतिथियों ने किया। इस दौरान अधिवेशन में संगठन की मजबूती के साथ ही कर्मियों की समस्याओं को लेकर मंथन हुआ। इसके साथ ही कर्मचारी नेताओं ने ने कहा कि सरकार से समवर्गीय कर्मचारियों की न्यायोचित मांगो को यथा समय पर पूर्ण किया जाए।सभी संगठनों के पदाधिकारियो ने पुरानी पेंशन अनुबन्ध करने की अपील की। अधिवेशन के दूसरे सत्र में जिला कार्यकारिणी का गठन हुआ।जिसमें जिला अध्यक्ष बीएन बेलवाल, जिला मंत्री प्रदीप कुमार समेत अन्य सदस्य चुने गये। अधिवेशन में संगठन के प्रदेश अध्यक्ष आरएस ऐरी,मनोहर मिश्रा विशेष आमंत्रित अतिथि, राजकुमार चौधरी, प्रदेश उपाध्यक्ष राजकीय शिक्षक संघ,सुषमा चौधरी प्रदेश अध्यक्ष परिवहन, डीके जोशी,कुवेर मावड़ी जिला अध्यक्ष नैनीताल,रमेश जोशी,वंदना रावत, किशोर विश्वकर्मा, रमेश जोशी भीम त्रिपाठी, निखिल चौधरी, विरेन्द्र पांडेय, हरजीत सिंह अमरदीप चौधरी, प्रदीप यादव, नितेश शर्मा, मोहित त्रिपाठी,संग्राम सिंह, परशुराम जग्गी, मोहन राठौर, विपिन चौहान, विपिन त्रिपाठी, रविन्द्र जीत सिंह आदि उपस्थित रहे। उधर अध्यक्ष बीएन बेलवाल, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहन सिंह राठौर,उपाध्यक्ष होरी लाल, जिला मंत्री प्रदीप कुमार यादव, संयुक्त मंत्री-2 महेन्द्र चौधरी, परशुराम संगठन मंत्री 2 राजू जीना, संप्रेक्षक कल्याण सिंह नेगी निर्विरोधचुने गए।



# आयुष्मान योजना गरीब जरूतमंदों के लिए वरदान: विकास शर्मा

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

महापौर विकास शर्मा ने शहर के श्री गुरूनानक बालिका इंटर कालेज में जिंदगी जिंदाबाद संस्था की ओर से लगाये गये आयुष्मान कार्ड कैंप का शुभारम्भ किया। साथ ही उन्होंने स्कूल का निरीक्षण भी किया। कालेज पहुंचे महापौर विकास शर्मा का श्री गुरूनानक शिक्षा समिति के प्रबंधक गुरमीत सिंह सहित विद्यालय प्रबंधन की पूरी टीम ने स्वागत किया और उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। महापौर ने विद्यालय में जिंदगी जिंदाबाद संस्था की ओर से लगाये गये आयुष्मान कैंप का शुभारम्भ भी किया और विद्यालय की छात्राओं को आयुष्मान कार्ड वितरित किये। इस दौरान महापौर ने कहा कि जिंदगी जिंदाबाद संस्था लम्बे समय से सामाजिक कार्यों में बढ़चढ़कर भागीदारी कर रही है। समाज हित में किये जा रहे सराहनीय कार्यों की बदौलत संस्था अपनी एक अलग पहचान बना चुकी है। कोरोना काल में भी जिंदगी जिंदाबाद की टीम निस्वार्थ भाव से जरूतमंदों की सेवा में जुटी रही। संस्था समय समय पर विभिन्न सामाजिक कार्यों में सहभागिता करके जनसामान्य को लाभ पहुंचा रही है। अब संस्था ने सभी स्कूलों में जाकर बच्चों के आयुष्मान कार्ड बनाने का अभियान चलाया है, जिसकी शुरूआत आज गुरूनानक इंटर कालेज से हुयी है। खासकर गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को आसानी से उपचार मिल रहा है। उत्तराखंड में अब तक 14 लाख से अधिक लोग इस सुविधा का लाभ उठा चुके हैं। राज्य सरकार ने 2018 में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना की तर्ज पर राज्य में अटल आयुष्मान उत्तराखंड योजना लागू की थी। इस मौके पर महापौर ने विद्यालय की कम्प्यूटर लैब, साइंस लैब सहित अन्य विभागों का निरीक्षण भी किया और व्यवस्थाओं की सराहना की। शिविर में कई छात्राओं को आयुष्मान कार्ड वितरित किये। इस अवसर पर जिंदगी जिंदाबाद संस्था के फाउंडर कर्मजीत सिंह चानना, हरजिंदर सिंह लाडी, परविंदर सिंह, श्री गुरूनानक शिक्षा समिति के अध्यक्ष सरदार दिलराज सिंह,गुरुनानक इंटर कॉलेज के अध्यक्ष सरदार सुरमुख सिंह,करनैल सिंह, हरभजन सिंह, प्रधानाचार्या प्रीति अग्रवाल, दलजीत सिंह सिंह आदि भी मौजूद थे।



## पौधरोपण कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया

**नैनीताल** । आदि कैलाश यात्रा के द्वितीय दल के यात्रियों ने वीरवार को आदि कैलाश यात्रा में जाने से पूर्व गुंजी में बन रहे यादों के जंगल में पौधरोपण कर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया।

बता दें कि कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रबंधक (साहसिक पर्यटन) दिनेश गुरुरानी द्वारा उच्च हिमालय क्षेत्र में जाने वाले यात्रियों को पर्यटक आवास गृह पिथौरागढ़ में हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ दिलाकर व शपथ रजिस्टर भरवाकर पौधे दिए जाते हैं।

# मुखर्जीनगर में महिला फंदे पर लटकी मिली,मौत

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

**घटना**

● सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया

अज्ञात कारणों के चलते महिला फंदे पर लटकी देख घर में मौजूद परिजनों के होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेजा। उधर परिवार में कोहराम मच गया।

पुलिस के मुताबिक मुखर्जीनगर ट्रांजिट कैंप निवासी अभिजीत सरकार राजमिस्त्री का काम करता है। गुरुवार सुबह वह काम पर चला गया था। घर में उसकी 30 वर्षीय पत्नी प्रियंका सरकार और दो बच्चे ही थे। शाम चार बजे के आसपास प्रियंका ने अज्ञात कारणों के चलते कमरे में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। कुछ देर बाद जब अभिजीत सरकार घर पहुंचा तो पत्नी को लटका देख उसके होश उड़ गए। शोर शराबा होने पर आसपास के लोगों के साथ ही पास में ही रहने वाले अभिजीत के ससुर दुलाल बैरागी समेत अन्य नाते रिश्तेदार भी आ गए।

प्रियंका की लाश देखकर स्वजन में कोहराम मच गया। सूचना पर एसआइ महेश कांडपाल पुलिस कर्मियों के साथ पहुंचे और जानकारी ली। बाद में पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया है। एसआइ महेश कांडपाल ने बताया कि मृतका के पास से किसी प्रकार का सुसाइड नोट नहीं मिला है।

# प्लेसमेंट फेलिसिटेशन सेरेमनी का आयोजन बड़े धूमधाम से किया

**भीमताल**

हमारे संवाददाता

प्लेसमेंट फेलिसिटेशन सेरेमनी में ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी ने रचा इतिहास। भविष्य निर्माण की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए, ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी, भीमताल कैम्पस में प्लेसमेंट फेलिसिटेशन सेरेमनी का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। ग्राफिक एरा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स के प्रेसिडेंट प्रो. (डॉ.) कमल घनशाला के दूरदर्शी नेतृत्व में आयोजित यह समारोह छात्रों की अद्वितीय उपलब्धियों का उत्सव बना।

इस अवसर पर बीटेक कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग के छात्रों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर की कंपनियों में शानदार पैकेज प्राप्त कर



यूनिवर्सिटी का नाम रोशन किया। सान्या पांडे, मुकेश नेगी और पारुल सिंह ने अमेज़न में रु0 47.88 लाख प्रति वर्ष का असाधारण पैकेज हासिल किया। वहीं करण मटियाली और मयंक जोशी को वीज़ा में रु0 32.88 लाख प्रति वर्ष का पैकेज मिला। इसके अतिरिक्त कंचन भट्ट का चयन नेशनल ऑस्ट्रेलियन बैंक, एमबीए के छात्रा निकीता पनेरु का बैंक ऑफ न्यूयॉर्क मेलॉन और रिया पाल, दीक्षा बरगली, नीरज कोश्यारी तथा नितीश कुमार मंडल का इन्फोसिस में हुआ। प्रियांसी उपाध्याय, प्रिया डानू, राहुल आर्य, तनय बिष्ट, प्रांजलि जोशी, दीपक खाती, रीता और धीरेज सिंह ने कोडिंग स्किल्स के बल पर चयनित होकर कोडिंग निंजाज के तहत शानदार स्थान प्राप्त किए। समारोह की शुरुआत दीप प्रज्वलन से हुई, जिसमें छात्रों के अभिभावकों को भी आमंत्रित किया गया। यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर, फैकल्टी सदस्यों और अभिभावकों की उपस्थिति में चयनित छात्रों को नकद पुरस्कार व प्रमाण पत्रों से सम्मानित किया गया। इस दौरान लगभग रु0 5 लाख तक के नकद पुरस्कार छात्रों को वितरित किए गए, जो उनकी कड़ी मेहनत और उत्कृष्टता का सम्मान था। साथ ही, केक कटिंग से उत्सव की शुरुआत की गई।।